**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक- 18.06.2025**

**विषयः- "आपरेशन चक्रव्यूह" के तहत चेकिंग के दौरान जनपद मिर्जापुर से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद,01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट द्वारा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे "आपरेशन चक्रव्यूह" के तहत चेकिंग के दौरान दिनांक 17.06.2025 को लंका पुलिस टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान अस्सी नाला पुलिया के पास 01 संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को पूछताछ हेतु रुकवाया गया। उक्त मोटरसाइकिल सवार से पूछताछ पर मोटरसाइकिल सवार के कब्जे से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताते हुए मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना लंका पर अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना विवरणः-**

थाना लंका क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व शान्ति व्यवस्था कायम रखने के क्रम में उच्चाधिकारीगण द्वारा चलाए जा रहे "आपरेशन चक्रव्यूह" के तहत रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान नई उम्र के वाहन चालकों विशेषकर बिना नम्बर प्लेट व बिना हेलमेट के चालकों की सघन चेकिंग की गयी। उपरोक्त चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन चालक को रोककर पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि वाहन चालक द्वारा चलाया जा रहा वाहन चोरी का है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग/ आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 0222/2025 धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0263/2024 धारा 303(2)/115(2)/352 बी0एन0एस0 थाना कोतवाली चुनार, जनपद मिर्जापुर।

**नाम पता अभियुक्त**

1. सबलू यादव पुत्र बचाऊ यादव पता ग्राम मिश्रपुरा पोस्ट वा थाना सैयदराजा जिला चन्दौली उम्र 25 वर्ष।

**हिरासत में लिए जाने का दिनांक व घटनास्थल -** गिरफ्तारी का दिनांक 17.06.2025,
अस्सी नाला पुलिया, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अभिषेक कुमार सिंह, चौकी प्रभारी संकटमोचन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

3. उ0नि0 अनुज सिंह, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. का0 अजय कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 तहसीन अहमद, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 विनोद कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 गुलाब चन्द्र यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**